सितंबर 2020 में इस ग्रह के परिवर्तन के साथ ही पलट जाएगी बहुतों राशियो की किस्मत

सितंबर 2020 में इस ग्रह के परिवर्तन के साथ ही पलट जाएगी बहुतों राशियो की किस्मत

ज्योतिष का सर्वाधिक रहस्यमयी ग्रह राहु ग्रह अगले महीने 23 सितंबर 2020 को स्थान परिवर्तन कर रहा है। इस दिन राहु मिथुन राशि से वृषभ राशि में गोचर शुरू करेगा और 12 अप्रैल 2022 तक वृषभ में ही स्थिति रहेगा। ज्योतिष के जानकार आचार्य वि.शास्त्री (**Acharya V Shastri**) के अनुसार राहु व केतु की चाल हमेशा उल्टी दिशा में होती है, जबकि सूर्य एक मात्र ऐसा ग्रह है, जो हमेशा सीधी चाल ही चलता है। राहु का ये परिवर्तन इस साल की सबसे बड़ी ज्योतिषीय घटनाओं में से एक है। ऐसे में इसका प्रत्येक राशि पर जोरदार पड़ेगा। इससे जहां कुछ को पदेशानी होगी, वहीं कुछ की किस्मत अचान ही खुल जाएगी।

राहु के वृषभ में गोचर के प्रभाव...

1. मेष राशि:

राहु का गोचर आपकी राशि से दूसरे भाव में रहेगा, इस समय आपको अपने खर्चे और वाणी पर काबू रखना होगा। यह आपको कुछ शुभ परिणामकारी भी देगा। कई क्षेत्रों में आपको शानदार परिणाम मिलने की संभावना है। इसके प्रभाव से आपके साहस में वृद्धि होगी। लेकिन वैवाहिक जीवन में आप असमंजस की स्थिति में रहेंगे। कुल मिलाकर ये गोचर आपके लिए मिलाजुला रहेगा। आपको कुछ व्यर्थ की यात्रा करनी पड़ सकती हैं। इस दौरान किसी किसी से मतभेद ना रखें, अन्यथा आपको हानि का सामना करना पड़ करना पड़ सकता है।

परेशानियों से बचने के लिए : उपाय - श्री हनुमान चालिसा का नित्य 9 बार पाठ करें।

2. वृषभ राशि:

राहु का गोचर आपकी ही राशि में होगा, इस गोचर के दौरान आप किसी तरह की ग़लतफ़हमी के शिकार हो सकते है और बिना बात का मानसिक तनाव भी बना रहेगा।गोचर के प्रभाव से आपका आर्थिक जीवन प्रभावित होने के साथ ही परिवार में कलह की स्थिति भी पैदा हो सकती है। इस समय हर बात सोच समझ कर ही बोलें।

परेशानियों से बचने के लिए : उपाय - श्री अष्ट लक्ष्मी जी का नित्य पाठ करें।

3. मिथुन राशि:

यह गोचर विदेश यात्रा के लिए शुभ रहेगा परंतु अत्यधिक ख़र्चों के लिए बेहतर नहीं रहेगा। इसके कारण आपको शारीरिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान आपको निर्णय लेने में कठिनाई होगी। साथ ही आपको अपनी सेहत पर ध्यान रखना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके बने हुए कार्यों में भी बाधा आ सकती है, साथ ही अधिकारियों का भी साथ नहीं मिलेगा। पारिवारिक विषयों को लेकर चिंता बढ़ सकती है। कोई बहुत जरूर निर्णय लेने से बचें अन्यथा आपको ही नुकसान होगा।

परेशानियों से बचने के लिए : उपाय - श्री महाविष्णु स्तोत्रम जी का नित्य पाठ करें।

4. कर्क राशि:

राहु का गोचर आपकी राशि से एकादश भाव में होगा। यह समय आर्थिक स्थिति के लिए बहुत बेहतर रहेगा। आपके धन से जुड़े सपने पूर्ण होने के साथ ही आपकी समाज में नई पहचान बनेगी। व्यवसाय को लेकर नये प्रोजेक्ट मिलेंगे जिसमें आपने ईमानदारी से ही कार्य करना है। इस समय रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। लेकिन आपको हर काम में सावधानी रखनी होगी। आप किसी के भ्रम और भटकावे में ना आएं, मेहनत करते रहें सफलता जरूर मिलेगी। संतान से संबंधित कुछ समस्या आपको परेशान कर सकती है। इस समय आप खान-पान पर विशेष ध्यान रखें और सुरक्षा के साथ ही घर से निकलें।

परेशानियों से बचने के लिए : उपाय - श्री कुबेर मंत्र जी का नित्य पाठ करें।

5. सिंह राशि:

आपकी राशि से दशम भाव में राहु गोचर करेगा। इस समय में आप कार्य को लेकर कुछ भ्रम की अवस्था में आ सकते हैं। लेकिन, राहु का ये गोचर आपकी आमदनी में इजाफा कर सकता है। राहु के शुभ प्रभाव से आपको अपने कार्यक्षेत्र में उपलब्धि मिलने की भी संभावना है। घरेलू उलझन आपको मानसिक तनाव दे सकती हैं इसलिए शांति के साथ काम करें। व्यर्थ की बातों को बढ़ावा ना दें। आपकी आय में कमी आ सकती है, जिससे आपके कार्य अटक सकते हैं।

परेशानियों से बचने के लिए : उपाय - श्री लक्ष्मी जी की आरती नित्य करें।

6. कन्या राशि:

इस गोचर में राहु आपसे नवम भाव पर रहेंगे। इसके चलते आपकी आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और धार्मिक यात्राओं का भी संयोग बनेगा। पिता के साथ किसी प्रकार के मतभेद से बचें और उनकी सेहत का भी ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में बनते काम बिगड़ सकते हैं। अध्यात्म के क्षेत्र में रुचि बढ़ेगी। आपको कार्यक्षेत्र में बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। हर कदम सोच समझकर उठाएं। ऑफिस में किसी से बहस हो सकती है। धार्मिक कार्यों की तरफ रूचि बढ़ेगी।

परेशानियों से बचने के लिए : उपाय - श्री विष्णु जी की आरती नित्य करें।

7. तुला राशि:

चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें। आपके नैतिक मूल्यों का पतन हो सकता है। गोचर होने से अचानक किसी शोध में रुचि होगी विदेश जाने का अवसर प्राप्त होगा।आपको भाग्य की बजाय अपनी मेहनत पर ही भरोसा करना होगा। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। परिवार के साथ यात्रा पर जाने का प्लान बन सकता है।

परेशानियों से बचने के लिए : उपाय - श्री गणपति जी की आरती नित्य करें।

8. वृश्चिक राशि:

राहु का गोचर सप्तम भाव में होने से इस समय से आप अपने वैवाहिक जीवन को लेकर तनाव में रहेंगे, किसी प्रकार की ग़लतफ़हमी की

वज़ह से आपसी दूरी हो सकती है। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। आपको धन संबंधी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, हो सकता है कि आप किसी से कर्ज लें। इस दौरान आप किसी भी तरह की स्कीम के बहकावे में ना आएं। वाहन से दूरी बनाए रखें और अपने साथ अपने परिवार के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें।

परेशानियों से बचने के लिए : उपाय - श्री महादेव जी की आरती नित्य करें।

9. धनु राशि:

इस समय राहु का गोचर धनु राशि से छठे भाव में वृषभ राशि में होगा। इस भाव में राहु बहुत शुभ फल देता है और शत्रुओं पर विजय देता है। कोर्ट कचहरी में कोई केस चल रहा था तो यह राहु आपको जीत दिलाएगा। स्वास्थ्य का खास ख्याल रखना होगा। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होगी। वैवाहिक जीवन में राहु की वजह से भ्रम पैदा हो सकता है। वाणी पर संयम बरतना होगा।

परेशानियों से बचने के लिए : उपाय - श्री गुरु गायत्री मंत्र का पाठ करें।

10. मकर राशि:

इस समय राहु का गोचर पंचम भाव में होने से सोच में भ्रम सा महसूस करेंगे और निर्णय लेने में खुद को कमज़ोर महसूस करेंगे। संतान के साथ किसी ग़लतफ़हमी की वज़ह से तनाव हो सकता है। दिमाग में कई तरह के विचार आएंगे, लेकिन फैसला सोच समझकर व किसी जानकार की सलाह पर ही लें। परिवार में बड़े भाई बहन से विवाद हो सकता है। वैवाहित जीवन में परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। कोई भी निर्णय सोच समझकर ही लें।

परेशानियों से बचने के लिए : उपाय - श्री शनि गायत्री मंत्र का पाठ करें।

11. कुंभ राशि:

सुख में कमी के साथ ही पारिवारिक जीवन से थोड़ी असंतुष्टि हो सकती है। वहीं आपको अति व्यस्तता के चलते परिवार से दूर जाना पड़ सकता है। ऐसे में अपने परिवार को अपना पूरा समय दें जिससे आप के बीच में प्रेम बना रहे। आपनी मां की सेहत का खास ध्यान रखें। वैवाहिक लोगों की लाइफ में भी किसी तीसरे व्यक्ति को लेकर विवाद हो सकता है। संतान की तरफ से सुखद समाचार सुनने को मिलेगा।

परेशानियों से बचने के लिए : उपाय - श्री रुद्र मंत्र का पाठ करें।

12. मीन राशि:

राहु का यह गोचर आपकी सभी परेशानियों को दूर करेगा और उत्साह व आत्मबल बढ़ाएगा। यह समय नया काम करने के लिए भी उत्तम रहेगा। इस दौरान आपको धैर्य से काम लेना होगा। भाई बहनों से लगातार संपर्क में रहें और किसी भी तरीके के टकराव या बहस से दूर रहें। मानसिक रोगों के आप शिकार हो सकते हैं। नये काम की शुरुआत के लिए साल के अंतिम महीने काफी शुभ रहेंगे।

परेशानियों से बचने के लिए : उपाय - श्री गायत्री मंत्र का पाठ करें।

India's Top Astrologers Online - Live Astrology Consultation

India's Famous Astrologers, Tarot Readers, Numerologists on a Single Platform. Call Us Now. Call Certified Astrologers instantly on Dial199 - India's #1 Talk to Astrologer Platform. Expert Live Astrologers. 100% Genuine Results.

[Read On Website]